अमर उजाला 07/04/2026

# जीएमएन कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी




**ओवरऑल ट्रॉफी जीतने पर विजेताओं को बधाई देते प्राचार्य रोहित दत्त।** प्रवक्ता

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने चार अप्रैल को करनाल के दयाल सिंह कॉलेज में आयोजित डॉ. रतन चंद शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय कविता-पाठ प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 13 महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया था। कॉलेज के मेधावी छात्र अश्वनीत और पारस भोला ने काव्य प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का सुखद परिणाम है। इस अवसर पर डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. मनजीत कौर ने विजेताओं को बधाई दी। संवाद